दिन– गुरुवार दिनांक– 04 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार डिजिटल सेवाओं को मजबूत करने के लिए जिला स्तर पर आईटी सेंटर स्थापित करेगी। कैबिनेट की बैठक में हुआ निर्णय।

02. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा– सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के तबादले की नीति दस दिनों में तैयार हो जायेगी।

03. मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में आज सुबह अगलगी की घटना में तीन मरीजों की मौत। बीस से अधिक लोग घायल।

04. और, मौसम विभाग ने आज बक्सर, भोजपुर, कैमूर, सासाराम और गया समेत राज्य के दक्षिणी भागों में अधिकतर स्थानों पर हीट वेव का अलर्ट जारी किया।

---

राज्य सरकार डिजिटल सेवाओं को मजबूत करने के लिए जिलास्तर पर आईटी सेंटर स्थापित करेगी। इसके तहत बिहार सूचना प्रौद्योगिकी सेवा नियमावली के द्वारा जिला ई– गवर्नेंस पदाधिकारी सहित कई पदाधिकारियों की तैनाती की जायेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्ष में पटना में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव की मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद बैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि आम लोगों को डिजिटल सेवाओं से जुड़ने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान में मदद मिलेगी।

–––साउंड बाईट–––

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से अनुदान प्राप्त करने के लिए वार्षिक आय सीमा को ढ़ाई लाख रूपये से बढ़ाकर चार लाख रूपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि आय सीमा बढ़ने से अधिक से अधिक मरीजों को योजना का लाभ मिलेगा।

–––साउंड बाईट–––

राज्य मंत्रिमंडल ने बक्सर के नवीनगर औद्योगिक क्षेत्र में पेय पदार्थ उत्पादन इकाई को वित्तीय प्रोत्साहन की स्वीकृति भी दी है। एक अन्य फैसले में कैमूर जिले के मोहनिया स्थित दादरमौजा की सात एकड़ अर्जित जमीन पर डेयरी और दुग्ध उत्पान संयंत्र लगाने का निर्णय लिया गया है। मंत्रिमंडल ने कुल तेरह प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

———————————————————————————

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विमानन ईंधन की कीमतों को स्थिर रखने के लिए तेल विपणन कंपनियों को दस हजार करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता देने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय विमानन कंपनियों की सहायता के लिए यह आत्मनिर्भर कोष छत्तीस महीने के लिए लागू रहेगा।

———साउंड बाईट———

एटीएफ प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड' में एक सेल्फ सस्टेनिंग रिवॉलविंग फंड बनाया गया है। एटीएफ प्राइज फोर दी एयरलाइन कैरियर हू वॉन टू पार्टिशिपेट इन दिस। उनको एक स्टेबल एटीएफ प्राइस अभी करंट क्राइसेस के दौरान मिलेगा। इससे हमारे एनटायर एविएशन सेक्टर में करीब सत्तर लाख से अधिक जो जॉब्स हैं, जिनके ऊपर इम्पैक्ट पडना आरंभ होने लगा था। बिकॉज़ दी स्ट्रेस इन दी सेक्टर। वो इससे सिग्निफिकेंट, मिटीग्रेट होगा।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने बिहार में एनएच—इकतीस और एनएच—दो सौ इकतीस के खगड़िया—पूर्णिया खंड को फोर लेन में उन्नयन की मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि योजना के तहत एक सौ चौवालीस किलोमीटर लंबी सड़क का अपग्रेडेशन किया जाएगा। इस पर तीन हजार नौ सौ छत्तीस करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में पूर्णिया शहर में ग्रीनफील्ड बाईपास का निर्माण किया जाएगा।

———साउंड बाइट———

———————————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के तबादले की प्रस्तावित नीति दस दिनों में तैयार हो जायेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत शिक्षकों के साथ ही प्रधानाध्यापकों और प्रधान शिक्षकों का ऐच्छिक तबादला इस महीने शुरू होगा। इसके लिए समानुपातिकरण का कार्य दस जून तक पूरा हो जायेगा।

———साउंड बाईट———

वहीं, एक अन्य सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही नया कोचिंग कानून लागू होगा। नये कानून के लागू होने के बाद कोचिंग संस्थानों की मनमानी पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि कोचिंग कानून के लिए बिहार कोचिंग संस्थान विधेयक दो हजार छब्बीस लाया जायेगा।

———साउंड बाईट———

---

उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि प्रदेश में विभिन्न औद्योगिक इकाईयों और होटलों के निर्माण के लिए इकतीस एकड़ से अधिक भूमि आवंटित की गयी है। पटना में बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार बियाडा की बैठक में उद्योग मंत्री ने कहा कि सोलह औद्योगिक इकाईयों के लिए सात प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से बिहार में नौ सौ बानवे करोड़ तिरेसठ लाख रूपये के निवेश का अनुमान है। श्री सिंह ने कहा कि औद्योगिक इकाई के लिए पटना, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर में भूमि आवंटित की गयी है।

---

दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में आगलगी की घटना में इक्कीस लोगों की मौत के बाद बिहार पुलिस सतर्क हो गयी है। पुलिस महानिरीक्षक जिजेन्द्र राणा ने पटना और नालंदा के सभी होटल और गेस्ट हाउसों की जांच के निर्देश दिये हैं। तीन चरणों में इन जिलों के होटल ओर गेस्ट हाउस की जांच पन्द्रह जुलाई तक पूरा करने का आदेश दिया है। पहले चरण में पन्द्रह जून तक इन जिलों के सभी थानाध्यक्षकों को अपने–अपने क्षेत्र के होटलों की सूची बनाकर पुलिस उपाधीक्षकों को सौंपना होगा। वहीं, दूसरा चरण पन्द्रह जून से तीस जून के बीच जबकि तीसरा चरण पन्द्रह जुलाई तक चलेगा।

---

अनुसंधान अपराध विभाग, सीआईडी ने गोपालगंज में जदयू विधायक अनंत सिंह और अमरेन्द्र कुमार पांडेय के खिलाफ दर्ज अलग–अलग कांडों की जांच शुरू कर दी है। दोनों विधायकों पर आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस उपाधीक्षक स्तर के दो पदाधिकारियों के नेतृत्व में अनुसंधान किया जा रहा है। गौरतलब है कि जिले के मीरगंज थाने में एक कार्यक्रम के दौरान मोकामा के विधायक अनंत सिंह की मौजूदगी में समर्थकों द्वारा हथियार लहराने का वीडियो वायरल होने के बाद आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था। वहीं, कुचायकोट थाने में जदयू विधायक अमरेन्द्र कुमार पांडेय पर जमीन पर जबरन कब्जा करने का मामला दर्ज है।

---

मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में आज सुबह अगलगी की घटना में तीन मरीजों की मौत हो गयी। वहीं, बीस से अधिक लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार आग अस्पताल के आईसीयू में लगी और पूरे अस्पताल में फैल गयी। फायरबिग्रेड कर्मियों ने काफी मुश्किलों के बाद आग पर काबू पाया। शुरूआती जांच में शॉटसर्किट के कारण आग लगने की बात सामने आयी है। वरीय पुलिस अधीक्षक

कांतेश मिश्र ने कहा कि इस मामले में लापरवाही के दोषी सभी लोगों पर कार्रवाई की जायेगी।

———साउंड बाईट———

———————————————————

मौसम विभाग ने आज बक्सर, भोजपुर, कैमूर, सासाराम और गयाजी सहित राज्य के दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—मध्य भागों के अधिकतर स्थानों पर हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अधिकतम तापमान बयालीस डिग्री सेल्सियस के पास रहने की सम्भावना है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतर स्थानों पर अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है।

———साउंड बाइट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, कैमूर का अधिकतम तापमार चालीस दशमलव चार, वाल्मीकिनगर का चालीस दशमलव दो और पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, विभाग ने, सीमांचल और कोसी क्षेत्र के कुछ जिलों में आंधी—बारिश की आशंका भी जतायी है।

———————————————————

भागलपुर स्थित विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से पर निर्मित बेली ब्रिज पर सात जून से यातायात सेवा शुरू हो जाएगी। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि पुल पर वाहन परिचालन का ट्रायल सफलता के साथ पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अप्रोच रैंप का निर्माण कार्य भी अगले दो दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। श्री पाल ने कहा कि परीक्षण के दौरान ढाई टन वजन वाले चार पहिया वाहन को बीस से तीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाकर पुल की मजबूती और सुरक्षा का आकलन किया गया। बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के अधिकारियों के अनुसार परीक्षण पूरी तरह सफल रहा और पुल पर यातायात संचालन के लिए आवश्यक मानकों की पुष्टि हो गई है। इसके बाद सात जून से वाहनों का नियमित परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। बेली ब्रिज के चालू होने से भागलपुर और आसपास के क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

———————————————————

कटिहार रेल मंडल में चल रहे दोहरीकरण और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलवे ने बारह जून को सहरसा—सियालदह हाटे बाजार एक्सप्रेस के

परिचालन मार्ग में बदलाव किया है। इस दिन यह ट्रेन पूर्णिया–बनमनखी–मधेपुरा मार्ग की जगह मानसी–नवगछिया–कटिहार के रास्ते से संचालित होगी।

---

मालदा रेल मंडल के एडीआरएम ए.के. मौर्या ने जमालपुर का दौरा कर विभिन्न रेल परियोजनाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। एडीआरएम ने डीजल शेड के पास निर्माणाधीन नई पीट लाइन, एग्जामिनेशन लाइन, सर्विस बिल्डिंग समेत अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

---

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में जिले में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा पेंशन योजना की समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

---

पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में डीडीसी डॉक्टर प्रदीप कुमार ने एचआईवी एड्स से बचाव के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया। जिले में 17 अगस्त तक विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर एड्स, सिफलिस और अन्य बीमारियों की जांच निशुल्क की जाएगी।

---

पश्चिम चंपारण की जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह, बगहा के पुलिस अधीक्षक, एसएसबी कमांडेंट और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान जमीन विवाद को लेकर स्थल निरीक्षण किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में किसी विवाद और संवेदनशील गतिविधियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिये हैं।

---

सारण जिले के रिविलगंज प्रखंड में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। छपरा स्थित सदर अस्पताल की मनोचिकित्सक डॉक्टर निधि कुमारी ने लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

---

राजस्थान में कल से आयोजित होने वाली छत्तीसवीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता के लिए बिहार टीम की घोषणा कर दी गयी है।

पटना में आयोजित ऑल इंडिया महिला टेनिस टूर्नामेंट में पटना की भार्गवी शर्मा ने उत्तर प्रदेश की इराम जैदी को पराजित कर सेमीफाईनल में प्रवेश किया है। सेमीफाईनल में भार्गवी का सामना तमिलनाडु की सिलेश्वरी से होगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान का शीर्षक है– राज्य मंत्रिमंडल का फैसला, मुख्यमंत्री चिकित्सा कोष से अब चार लाख रूपये तक आय वालों को भी सहायता।

दैनिक जागरण लिखता है– स्कूली बस में अनिवार्य रूप से लगाना होगा सीसीटीवी, जीपीएस और पैनिक बटन।

प्रभात खबर ने सरकारी टेंडर में हेराफेरी से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– रिशु श्री के ठेके में क्यों बनाये पेटी कान्ट्रैक्टर। अखबार लिखता है, होगी जांच।

दैनिक भास्कर ने आरबीआई के हवाले से लिखा है– सोना बेचने की खबर भ्रामक, एक साल में भंडार बढ़ा।

आज अखबार का शीर्षक है–बिहार में क्यूआर कोड–यूपीआई से जमा होगा ई–चालान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार डिजिटल सेवाओं को मजबूत करने के लिए जिला स्तर पर आईटी सेंटर स्थापित करेगी। कैबिनेट की बैठक में हुआ निर्णय।

02. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा– सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के तबादले की नीति दस दिनों में तैयार हो जायेगी।

03. मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में आज सुबह अगलगी की घटना में तीन मरीजों की मौत। बीस से अधिक लोग घायल।

04. और, मौसम विभाग ने आज बक्सर, भोजपुर, कैमूर, सासाराम और गया समेत राज्य के दक्षिणी भागों में अधिकतर स्थानों पर हीट वेव का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।